अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 31 अगस्त 2026
भाद्रपद कृष्ण-तृतीया
विक्रम संवत-2083

**PAGE NO 7 : TOP**



रिद्धिमा में श्रीकृष्ण लीला का मंचन करते कलाकार। स्रोत : संस्था

## भरतनाट्यम शैली पर कृष्णा लीला के मंचन ने मोहा मन

बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में रविवार की शाम भरतनाट्यम शैली में कृष्णा लीला का मंचन किया गया। भरतनाट्यम की विद्यार्थी आद्या ग्रोवर, अवंतिका, अंबिकता शर्मा, अनिका टंडन, चिरनया गौतम आदि ने 'गोपाला राधे लोला' गीत को अपने नृत्य शैली में प्रस्तुति से किया। इसके बाद 'मधुर मूरति', 'श्री कृष्ण गोविंदा', 'स्वागतम कृष्णा', 'वो कृष्णा है' 'कलिंगा नरतना तिल्लाना' पर नृत्य की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने लाइव भरतनाट्यम फ्यूजन पर भी अपने नृत्य कौशल से वाहवाही लूटी। भरतनाट्यम गुरु तनाया भट्टाचार्य ने भी 'कृष्ण शब्दम' पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन अरुणा गंगवार ने किया। संवाद